F.No. CSU-LKO/2025-26/Hostel/

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर

सं.- 115 दिनांक-25.06.2025

## कार्यालय आदेश-

सत्र 2025-26 के लिए परिसरस्थ भरद्वाज (पुरुष) एवं गार्गी (महिला) छात्रावास हेतु निम्नलिखित प्राध्यापकों को अग्रिम आदेश पर्यन्त उप-छात्रपाल नियुक्त किया जाता है-

1. डॉ. शेषमणि शुक्ल, उप-छात्रपाल, भरद्वाज (पुरुष) छात्रावास
2. डॉ. राहुल कुमार मिश्र, उप-छात्रपाल, भरद्वाज (पुरुष) छात्रावास
3. डॉ. चन्द्रश्री पाण्डेय, उप-छात्रपाल, गार्गी (महिला) छात्रावास
4. डॉ. ज्योति सिंह, उप-छात्रपाल, गार्गी (महिला) छात्रावास

इस कार्य के लिए नियमानुसार छात्रावास यातायात व्यय आदि का भुगतान किया जाएगा।

उपर्युक्त पुरुष एवं महिला छात्रावासों के उप-छात्रपालों से आग्रह है कि प्रतिदिन न्यूनतम एक बार सम्बन्धित छात्रावास का निरीक्षण अवश्य करेंगे और साफ-सफाई, भोजन एवं अनुशासन का प्रबन्धन देखेंगे। दो सप्ताह में एक बार सभी छात्रावास उप-छात्रपाल निदेशक को साथ में लेकर छात्रावास का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के समय मेस कर्मचारी, स्वच्छता कर्मचारी, प्लम्बर, सुरक्षा कर्मचारी तथा केयर टेकर/सम्पदा अधिकारी भी साथ में रहेंगे। प्रत्येक माह में एक बार छात्रावासों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण कराने का दायित्व छात्रावास उप-छात्रपालों का होगा। निरीक्षण के दौरान छात्रावास उप-छात्रपालों का यह दायित्व होगा कि प्रत्येक प्रकोष्ठ की संख्या लिखा हुआ एक पृष्ठ जिसमें छात्र/छात्रा का नाम, छात्रावास में प्रवेश तिथि और छात्रों द्वारा जमा किये गये मेस शुल्क की प्रति संलग्न/अंकित हो, साथ में रखेंगे। उक्त पृष्ठ पर अनिवार्य रूप से प्रकोष्ठ में रह रहे छात्र/छात्राओं का नाम, पिता का नाम, स्थायी पता, पिता का व्हाट्सएप नम्बर अवश्य अंकित होना चाहिए। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान टेक्निकल असिस्टेंट, श्री मुकुल कुमार मिश्र कैमरा लेकर साथ में रहेंगे।

डॉ. कविता बिसारिया एवं डॉ. अनिरुद्ध नारायण शुक्ल को धन्यवाद सहित उप-छात्रपाल के दायित्व से तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त किया जाता है और आग्रह किया जाता है कि सम्बन्धित सभी अभिलेख सम्बन्धित छात्रावास के उप-छात्रपाल को हस्तान्तरित करना चाहेंगे।

(प्रो. सर्वनारायण झा)
निदेशक

**प्रतिलिपिः-**

1. उपरोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ
2. अधिष्ठाता (छात्रावास), केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
3. छात्रावास अधिष्ठाता, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर
4. सम्बद्ध सञ्चिका
5. कार्यालय आदेश सञ्चिका
6. प्रो. गुरुचरण सिंह नेगी, सह-निदेशक एवं सह-समन्वयक, आई.क्यू.ए.सी.
7. श्री मुकुल कुमार मिश्र, तकनीकी सहायक (संविदा) को वेबसाइट पर अपलोड हेतु
8. निदेशक कार्यालय प्रति

निदेशक